भारत सरकार

जल शक्ति मंत्रालय

जल संसाधन, नदी विकास और गंगा संरक्षण विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 3016

दिनांक 06 अगस्त, 2026 को उत्तरार्थ

.....

पीएमकेएसवाई-एआईबीपी के अंतर्गत सिंचाई परियोजनाएं

3016. एडवोकेट प्रिया सरोज:

श्री पुष्पेंद्र सरोज:

श्री राजीव राय:

क्या **जल शक्ति** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना-त्वरित सिंचाई लाभ कार्यक्रम (पीएमकेएसवाई-एआईबीपी) के अंतर्गत राज्य-वार और विशेषकर उत्तर प्रदेश में जिला-वार, प्रमुख और मध्यम सिंचाई परियोजनाओं की संख्या कितनी है, जोकि अपनी स्वीकृत पूर्णता अवधि से अधिक समय से विलंबित हैं;

(ख) उत्तर प्रदेश में सरयू नहर राष्ट्रीय परियोजना और अन्य पीएमकेएसवाई-एआईबीपी परियोजनाओं की वर्तमान स्थिति क्या है और लागत संबंधी पुनरीक्षण, जारी की गई अतिरिक्त केंद्रीय सहायता और संशोधित पूर्णता अवधि का ब्यौरा क्या है;

(ग) उत्तर प्रदेश में केंद्रीय सिंचाई परियोजनाओं के अंतर्गत सृजित सिंचाई क्षमता और उपयोग की गई सिंचाई क्षमता के बीच अंतर का ब्यौरा क्या है, तथा उक्त अंतर के लिए चिह्नित कौन-कौन से हैं;

(घ) उत्तर प्रदेश के लिए सूक्ष्म सिंचाई कोष के अंतर्गत कितनी वित्तीय सहायता जारी की गई है और इस सहायता से सूक्ष्म सिंचाई के अंतर्गत शामिल किए गए क्षेत्र का ब्यौरा क्या है; और

(ङ) केंद्रीय योजनाओं के अंतर्गत समर्थित कमान क्षेत्रों में सिंचाई अवसंरचना के उपयोग में सुधार करने तथा जलभराव और नहर के रिसाव की समस्या को दूर करने के लिए क्या उपाय किए गए हैं?

उत्तर

जल शक्ति राज्य मंत्री

(श्री राज भूषण चौधरी)

(क): वर्ष 2016-17 के दौरान पीएमकेएसवाई-एआईबीपी के तहत निन्यानबे (99) पहले से चल रही वृहद् और मध्यम सिंचाई परियोजनाओं (और सात चरणों) को शामिल किया गया था। इसके अलावा, मार्च 2021 के बाद इस योजना के तहत, वित्त पोषण के लिए 19 नई वृहद् और मध्यम सिंचाई परियोजनाएं शुरू की गई हैं। इनमें से 71 परियोजनाएं पूरी हो चुकी हैं। उत्तर प्रदेश सहित प्रत्येक परियोजना से लाभान्वित जिलों के साथ पीएमकेएसवाई-एआईबीपी के तहत शुरू की गई और पूर्ण की गई परियोजनाओं का राज्य-वार विवरण **अनुलग्नक** में दिया गया है।

(ख) और (ग): उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा दी गई सूचना के अनुसार परियोजना की नवीनतम अनुमानित लागत, परियोजना के लिए प्रदत्त केन्द्रीय सहायता, पूर्ण करने की समय-सीमा, सृजित सिंचाई क्षमता और

उपयोग की गई सिंचाई क्षमता सहित उत्तर प्रदेश राज्य में पीएमकेएसवाई-एआईबीपी परियोजनाओं की स्थिति का ब्यौरा नीचे दिया गया है।

क्रम संख्या	**परियोजना का नाम**	**पूर्ण होने की समयसीमा**	**नवीनतम अनुमानित लागत (करोड़ रुपए)**	**प्रदत्त केंद्रीय सहायता (करोड़ रुपए)**	**सृजित सिंचाई क्षमता (लाख हेक्टेयर)**	**उपयोग की गई सिंचाई क्षमता (लाख हेक्टेयर)**
1	सरयू नहर परियोजना	पूर्ण	10,184.93	3,086.14	12.64	8.93
2.	बाणसागर नहर परियोजना	पूर्ण	3,420.24	1,010.88	1.50	1.50
3.	अर्जुन सहायक परियोजना	सभी सिविल कार्य पूर्ण	2,756.93	673.29	0.59	0.48
4.	मध्य गंगा नहर परियोजना चरण- II	अक्टूबर'2026	4,909.92	255.76	1.32	1.18

सिंचाई क्षमता का उपयोग परियोजना कमान में किए गए कमान क्षेत्र विकास कार्यों, सिंचाई योजना के अनुसार अपनाए गए फसल पैटर्न, जलाशय भरने और किसी विशेष वर्ष में उपलब्ध सिंचाई जल तथा वितरण नेटवर्क में हाइड्रोलिक कनेक्टिविटी पर निर्भर करता है।

(घ): कृषि एवं किसान कल्याण विभाग द्वारा दी गई सूचना के अनुसार, सूक्ष्म सिंचाई निधि (एमआईएफ) के अंतर्गत वित्तीय सहायता के लिए उत्तर प्रदेश सरकार से कोई प्रस्ताव प्राप्त नहीं हुआ है। तथापि, वर्ष 2025-26 तक पर ड्रॉप मोप क्रोप (पीडीएमसी) परियोजना के अंतर्गत उत्तर प्रदेश राज्य में सूक्ष्म सिंचाई के अंतर्गत 5.86 लाख हेक्टेयर क्षेत्र को कवर किया गया है।

(ङ): पीएमकेएसवाई-एआईबीपी के तहत, सिंचाई अवसंरचना के उपयोग में सुधार के लिए जलभराव और नहर रिसाव को दूर करने के उपाय सहित परियोजनाओं का विस्तार, नवीकरण और आधुनिकीकरण भी किया जाता है। इसके अलावा, कृषि क्षेत्रों में जल अनुप्रयोग दक्षता में सुधार करने के लिए पीडीएमसी के तहत सूक्ष्म सिंचाई को बढ़ावा दिया जाता है। इसके अतिरिक्त, जल उपयोग दक्षता और कृषि उत्पादकता में वृद्धि करने के लिए भूमिगत दबाव युक्त पाइप द्वारा सिंचाई के साथ किसानों द्वारा स्थापित स्त्रोत से फार्म गेट तक सूक्ष्म सिंचाई के लिए मजबूत बैकएंड अवसंरचना के साथ सिंचाई जल आपूर्ति नेटवर्क का आधुनिकीकरण करने के उद्देश्य से कमान क्षेत्र विकास एवं जल प्रबंधन आधुनिकीकरण (एमसीएडी) नामक एक प्रायोगिक परियोजना शुरू की गई है।

***

अनुलग्नक

"पीएमकेएसवाई-एआईबीपी के अंतर्गत सिंचाई परियोजनाएं" के संबंध में दिनांक 06.08.2026 को लोक सभा में उत्तर के लिए देय अतारांकित प्रश्न सं. 3016 के भाग (क) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक।

पीएमकेएसवाई-एआईबीपी के अंतर्गत शुरू की गई और पूर्ण की गई परियोजनाओं का राज्य-वार विवरण

क्रम संख्या	राज्य	लाभान्वित जिले	परियोजनाओं की कुल संख्या	पूर्ण की गई परियोजनाओं की संख्या
1	आंध्र प्रदेश	पू. गोदावरी, प्रकाशम, श्रीकाकुलम, विजयनगरम, विशाखापत्तनम, प. गोदावरी, एलुरु, काकीनाडा, कृष्णा, अनकापल्ली	8	1
2	असम	दरांग, उदलगुडा, बक्सा, कामरूप, कोकराझार, चिरांग, बोंगाईगांव, तमुलपुर	4	2
3	बिहार	रोहतास, कैमूर, पटना, अरवल, जहानाबाद, औरंगाबाद, गया	3	1
4	छत्तीसगढ़	बिलासपुर, रायगढ़, जंगीर, चंपा	3	2
5	गोवा	उत्तरी गोवा	1	1
6	गुजरात	नर्मदा, वदोदरा, भरूच, छोटा उदेपुर, पंचमहल, अहमदाबाद, गांधीनगर, खेड़ा, आनंद, मेहसाना, सुरेंद्रनगर, मोरबी, बोटाद, भावनगर, कच्छ, बांसकंठा, पाटण, सूरत	2	0
7	जम्मू और कश्मीर	पुलवामा, जम्मू, सांबा, कठुआ	3	3
8	झारखंड	पश्चिम एवं पूर्वी सिंहभूम, सरायकेला खरसावां, पलामू, गढ़वा	2	0
9	कर्नाटक	बेलगाम, गुलबर्गा, बीदर, बीजापुर, हावेरी, सिमोगा, दावणगेरे	5	4
10	केरल	इडुक्की, एर्नाकुलम एवं कोट्टायम, वायनाड	2	0
11	मध्य प्रदेश	छतरपुर, शिवपुरी, विदिशा, ग्वालियर, दतिया, भिंड, खंडवा, खरगोन, धार, रीवा, सतना, सीधी, शहडोल, झाबुआ, बरवानी, सिवनी, छिंदवाड़ा, कटनी, जबलपुर	21	18

12	महाराष्ट्र	भंडारा, धुले, चंद्रपुर, कोल्हापुर, सांगली, औरंगाबाद, बीड, परभणी, जालना, बुलढाणा, पुणे, सतारा, सोलापुर, रत्नागिरी, सिंधुदुर्ग, यवतमाल, नांदेड़, हिंगोली, वर्धा, जलगांव, अमरावती, अकोला, नागपुर	29	19
13	मणिपुर	सेनापति, इंफाल पूर्व, काकचिंग, सेनापति, थौबल और उखरुल, बिष्णुपुर, इंफाल पश्चिम	3	1
14	ओडिशा	कालाहांडी, सुंदरगढ़, कोरापुट, नुआपाड़ा, बोलांगीर, मयूरभंज, क्योंझर, भद्रक	8	6
15	पंजाब	होशियारपुर, शहीद भगत सिंह नगर, संगरूर, मानसा, भटिंडा, बरनाला, पठानकोट, गुरदासपुर, फरीदकोट, श्री मुक्तसर साहिब, फिरोजपुर, फाजिल्का	5	2
16	राजस्थान	जालोर, बाड़मेर, श्रीगंगानगर, बारां, झालावर, कोटा, हनुमानगढ़, बीकानेर,जैसलमेर, चुरू, नागौर, जोधपुर	3	2
17	तेलंगाना	मंचेरियल, आदिलाबाद, कोमारंभीम आसिफाबाद, वारंगल (ग्रामीण), खम्मम, नलगोंडा, जनगांव, सूर्यापेट, जयशंकर, भूपालपल्ली, महबूबनगर, वानापर्थी और नागरकुरनूल, राजन्ना सिरसिल्ला, करीमनगर, सिद्दीपेट, वारंगल शहरी, जगतियाल एवं पेद्दापल्ली, हनमकोंडला, यादाद्री, वारंगल, महबूबाबाद, मुलुगु	11	6
18	उत्तर प्रदेश	इलाहाबाद, मिर्जापुर, बहराइच, बस्ती, गोरखपुर, गोंडा, श्रावस्ती, बलरामपुर, सिद्धार्थ नगर, संत कबीर नगर, महोबा, हमीरपुर, बांदा, मुरादाबाद, ज्योतिबाफुले नगर	4	2
19	उत्तराखंड	उत्तराखंड के नैनीताल और उधम सिंह नगर, उत्तर प्रदेश के रामपुर और बरेली	2	0
20	लद्दाख	कारगिल	1	0
21	हिमाचल प्रदेश	हमीरपुर, कांगड़ा	3	0
22	तमिलनाडु	तिरुनेलवेली, थूथुकुडी	1	1
23	अरुणाचल प्रदेश	ऊपरी सियांग, सियांग	1	0
	कुल		**125**	**71**

*****